# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 528 वर्ष 42

राँची, 31 मार्च, 2018


## अमेरिकी राजदूत का सीसीएल दौरा



अमेरिकी राजदूत श्री केनेथ जस्टर उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए

विगत 22 मार्च को अमेरिकी राजदूत श्री केनेथ जस्टर और अमेरिकी कॉन्सल जनरल, कोलकाता श्री क्रेग एल हॉल ने सीसीएल, मुख्यालय स्थित "शहीद स्मारक" पर शहीद कोयला श्रमिकों को पुष्पगुच्छ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

कोयला कक्ष में आयोजित बैठक में श्री केनेथ ने सीसीएल के उत्कृष्ट विजन और विभिन्न सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने गर्मजोशी से स्वागत के लिए सीसीएल प्रबंधन का धन्यवाद किया और भविष्य की योजनाओं की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। बैठक में पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तार में सीसीएल की विविध गतिविधियों एवं पिछले कुछ वर्षों में कंपनी की अद्वितीय उपलब्धि की जानकारी उन्हें दी गई। निदेशक (तक./संचा) श्री सुबीर चंद्रा ने अमेरिकी राजदूत को "कायाकल्प मॉडल ऑफ गर्वनेंस" के बारे में विस्तार से बताया।

अमेरिकी राजदूत और अन्य गणमान्य का स्वागत श्री चन्द्रा सहित निदेशक (वित्त) श्री डी के घोष, निदेशक (यो./परि.) श्री ए के मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री आर एस महापात्र एवं कर्मियों ने किया।

## टोरी–बालुमाथ रेल अनुभाग और बालुमाथ साइडिंग राष्ट्र को समर्पित

माननीय केन्द्रीय संचार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं रेल राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री मनोज सिन्हा ने विगत 09 मार्च को बहु–प्रतीक्षित टोरी–शिवपुर रेल परियोजना के टोरी–बालुमाथ अनुभाग और बालुमाथ साइडिंग का वीडियो लिंक द्वारा लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया।



कोल इंडिया अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह एवं अन्य गणमान्य हरी झंडी दिखाकर मालगाड़ी को रवाना करते हुए

श्री सिन्हा ने दिल्ली से वीडियो लिंक द्वारा अपने संबोधन में कहा कि इस परियोजना से माननीय प्रधानमंत्री की मुहिम "सबका साथ, सबका विकास" को संबल मिलेगा। उन्होंने इस परियोजना के पूर्ण होने के लिए कोल इंडिया/सीसीएल, भारतीय रेलवे एवं झारखंड सरकार को बधाई देते हुए कहा कि इस परियोजना से इस क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी।

माननीय सांसद (चतरा) श्री सुनील सिंह ने कहा कि इस परियोजना से न केवल झारखंड बल्कि पूर्वोत्तर का भी विकास होगा और साथ ही साथ क्षेत्र की रेल संपर्क एवं व्यावसायिक गतिविधियों में काफी वृद्धि होगी।

अध्यक्ष, कोल इंडिया/सीएमडी सीसीएल, श्री गोपाल सिंह ने माननीय केंद्रीय रेल एवं कोयला मंत्री श्री पीयूष गोयल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माननीय मंत्री के मार्गदर्शन में आज 18 साल पहले का सपना पूरा हुआ है। श्री सिंह ने रेलवे की टीम को इस अभूतपूर्व सफलता के लिए साधुवाद दिया। श्री सिंह ने कहा कि रेलवे विकास का प्रतीक है और यह इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने कहा कि इस रेल परियोजना के सफल संचालन से न सिर्फ कोयला उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि नई खदाने भी खुलेगी जिससे युवाओ के लिए रोजगार का सृजन होगा जो सबसे महत्वपूर्ण है।

अवसर विशेष पर माननीय विधायक (लातेहार) श्री प्रकाश राम, डीआरएम, धनबाद डिविजन, श्री मनोज कुमार अखौरी, एजीएम, ईसीआर, श्री अनूप कुमार, सीएओ, ईसीआर, श्री बी चौधरी, सीओएम, ईसीआर, श्री सलिल झा तथा सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./संचा.), श्री ए.के. मिश्रा सहित अन्य टोरी जक्शन में उपस्थित थे। उदघाटन समारोह में बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2018 पूरे उत्साह के साथ मनाया गया




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमिला सिंह एवं अन्य गणमान्य

सीसीएल परिसर में "अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस" 08 मार्च को पूरे हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया जिसका थीम "टाईम इज नाउ : रूरल एंड अर्बन एक्टीविस्ट ट्रांसफॉमिंग वुमेन्स लाईवस" था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष कोल इंडिया/सीएमडी, सीसीएल की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला सिंह एवं विशिष्ट अतिथि मेजर गुरप्रीत कौर सचदेवा, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती मालाविका शर्मा, निदेशक(वित्त) की धर्मपत्नी श्रीमती रिमी घोष, निदेशक(कार्मिक) की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता महापात्र, निदेशक (यो./परि.) की धर्मपत्नी श्रीमती पूनम मिश्रा, सीवीओ की धर्मपत्नी श्रीमती निधी वर्मा तथा सीसीएल मुख्यालय, विभिन्न क्षेत्रों एवं केंद्रीय अस्पताल, गांधीनगर की महिला कर्मियों ने भाग लिया।

मुख्य अतिथि श्रीमती प्रमिला सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मेजर गुरप्रीत कौर सचदेवा तथा श्रीमती मालविका शर्मा ने महिलाओं के सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए अपने जीवन के अनुभवों को साझा किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं को सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों की महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि तथा माननीय अतिथियों ने सम्मानित किया।

## सरहुल पूर्व संध्या का आयोजन

सीसीएल परिसर में विगत 17 मार्च को "सरहुल पूर्व संध्या महोत्सव" का भव्य आयोजन मुख्यालय सरना समिति द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस.महापात्र ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सीवीओ श्री ए.के.श्रीवास्तव, रांची कॉलेज मानवशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. अभय सागर मिंज एवं आदिवासियों पर रिसर्च कर रही आदिवासी यूनिवर्सिटी, शिकागो की श्रीमती अनिषा जे मार्टिन उपस्थित थीं। उन्होंने सरहुल पर्व की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अवसर विशेष पर रांची कॉलेज के छात्र–छात्राओं एवं सीसीएल कर्मियों ने परम्परागत आदिवासी लोक गीत, नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

## सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई



सेवानिवृत्त निदेशक तथा अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों के साथ अध्यक्ष कोल इंडिया निदेशकगण, सीवीओ एवं अन्य

सीसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री सुबीर चन्द्रा, महाप्रबंधक (विधि) श्री पी.के. परिदा एवं सांख्यिकी विभाग के वरीय सांख्यिकी सहायक श्री सुभाष कुमार सिंह विगत 31 मार्च को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय के "विचार मंच" में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

अध्यक्ष कोल इंडिया/सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने सी.सी.एल. वृहद परिवार की तरफ से सेवानिवृत हो रहे सभी वरिष्ठतम सदस्यों का अभिनन्दन किया और कहा कि श्री चन्द्रा सहित सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मी एक ऐसी मजबूत नींव बना के जा रहें है जिसपर सीसीएल एक विशाल एवं समृद्व इमारत खड़ी कर सकता है।

अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री डी.के. घोष, निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (यो./परि.) श्री ए.के. मिश्रा एवं सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव ने श्री चन्द्रा सहित सभी सेवानिवृत हो रहे सीसीएल के वरिष्ठतम सदस्यों के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उनके खुशहाल सेवानिवृत्त जीवन की कामना की।

## होली मिलन समारोह



कोल इंडिया अध्यक्ष श्री गोपाल सिंह एवं निदेशकगण होली मिलन समारोह में कर्मियों संग

विगत 01 मार्च को सीसीएल परिसर में "होली मिलन समारोह" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोल इंडिया अध्यक्ष/सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह, निदेशकगण, महाप्रबंधक तथा सभी कर्मियों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए उत्साह के साथ सम्मिलित हुए।

> समय का ध्यान नहीं रखने वाला व्यक्ति अपने जीवन में निर्विघ्न नहीं रहता
>
> – आचार्य चाणक्य




कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा परम्परागत लोकनृत्य का प्रस्तुतिकरण


सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)